# अदानी कोल ब्लॉक को लेकर हंगामा

- विपक्ष ने की विधानसभा की कमेटी से जांच की मांग
- मांग नहीं मानने पर विपक्ष ने किया वाकआउट

## प्रश्नकाल में केवल एक प्रश्न ही हो सका
## विधानसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित




प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 फरवरी. विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान जबर्दस्त हंगामा हुआ. विपक्ष ने सिंगरौली के धिरौली कोयला परियोजना जिसका टेंडर अदानी को मिला है, उस परियोजना में अनियमितता का मामला प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उठाया.**

इस प्रश्न पर लंबी बहस हुई. विपक्षी सदस्यों ने इस दौरान इस परियोजना में गड़बड़ी की जांच के लिए विधायकों की संयुक्त जांच कमेटी गठित करने की मांग की, लेकिन मंत्री ने इस तरह की कमेटी से जांच कराने का भरोसा नहीं दिया. इस कारण सदन में लगातार गतिरोध की स्थिति बनी रही.

जिसके चलते प्रश्नकाल में सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करना पड़ा, प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद भी विपक्ष ने इस मामले को लेकर कड़े तेवर दिखाए, लेकिन सरकार अपने रूख पर अडिग रही, बाद में विपक्ष ने सरकार के रवैये से नाराज होकर वाकआउट कर दिया. विपक्ष के हंगामें के कारण बजट सत्र में पहली बार प्रश्नकाल में केवल एक ही प्रश्न हो सका. प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सवाल किया कि धिरौली परियोजना के लिए कुल 2672 हेक्टयर जमीन के अधिग्रहण के लिए सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के तहत कितनी भूमि के लिए अधिसूचना जारी की गई.

> अधिग्रहित सरकारी और निजी भूमि का भी ब्यौरा मांगा, ये भी जानना चाहा कि अब तक कितने लोगों को कितना मुआवजा दिया गया है. राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने संशोधित जवाब दिया, पहले प्रश्नत्तरी में लिखित जवाब में बताया कि परियोजना के लिए 8 गांवों की निजी भूमि जिसका रकबा 554.01 हेक्टेयर ओर शासकीय गैर वन भूमि 681.80 हेक्टेयर, वन भूमि 1335.35 हेक्टेयर और राजस्व वन भूमि 62.19 हेक्टेयर सहित कुल परियोजना से 2672 हेक्टेयर कुल रकबा प्रस्तावित है.

### विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए आसंदी के पास पहुंचे

यह भी बताया कि निजी भूमि के अधिग्रहण के लिए 504 करोड़ 37 लाख 26 हजार 331 रुपए की अवार्ड राशि पारित किया गया है. लेकिन बाद में संशोधित जवाब में उन्होंने अवार्ड की राशि 368 करोड़ 11 नाख 12 हजार 118 करोड़ रुपए कर दिया. इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया. नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि रातभर में ही ऐसा क्या हो गया कि अवार्ड की राशि को 150 करोड़ रुपए कम कर दिया गया. उन्होंने कहा कि आदिवासी किसानों को 50 लाख रुपए देने की बात कही थी, लेकिन उनको महज ढाई लाख रुपए ही दिए जा रहे हैं. उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि बाहरी लोगों को यहां भरपूर पैसे दिये जा रहे हैं. नेता प्रतिपक्ष ने कहाकि सरई थाने के थाना प्रभारी जितेन्द्र भदौरिया की पत्नी प्रियंका सिंह को 15 लाख 94 हजार 989 रुपए दिए गए हैं, जिससे कि वे अदानी को संरक्षण दे सकें. इसी तरह दीपेन्द्र सिंह कुशवाह यातायात प्रभारी को अदानी के ट्रकों की आवाजाही कराने के लिए उनकी पत्नी स्वाति सिंह को 14 लाख 83 हजार 442 रुपए का अवार्ड पारित किया गया. ये भिंड के रहने वाले हैं, आदिवासी नहीं है. उन्होंने कहा कि बाकी 3 गांव के लोगों को भी बिना पुनर्वास के ही हटाया जा रहा है. नेता प्रतिपक्ष का साथ विपक्ष के अन्य सदस्यों ने भी दिया. इस बीच राजस्व मंत्री ने मामलों की जांच कराने का भरोसा भी दिया. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने भी व्यवस्था देते हुए कहा कि अभी 8 में से 5 गांवों की जमीन अधिग्रहित की गई है, बाकी की अभी जरुरत नहीं है. प्रभावितों को समय पर मुआवजा मिल जाए, ये सुश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है. जो जमीन अधिग्रहित नहीं की गई, क्या उनमें खनन हो रहा है, इसे लेकर जांच का भरोसा मंत्री ने दिया है. इस बीच विपक्षी सदस्य सीटों पर खड़े हो गए और नारेबाजी करते हुए आसंदी के सामने आ गए. नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा की जांच कमेटी गठित कर मामले की जांच कराने की मांग की. उनका साथ हेमंत कटारे ने भी दिया. उन्होंने जेपीसी की मांग की. इस बीच सदन में शोरगुल की स्थिति बन गई. जिसके चलते अध्यक्ष तोमर ने सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी. सदन दोबारा समवेत होने पर भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया, विपक्षी सदस्य एक बार फिर मांगों को लेकर आसंदी के सामने जाकर नारेबाजी करने लगे. विपक्ष के भंवर सिंह शेखावत ने भी ज्वाइंट कमेटी से जांच कराने की मांग की. अध्यक्ष ने एक बार फिर विपक्षी सदस्यों को समझाईश दी, जिसका कोई असर नहीं हुआ, आखिरकार अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दूसरी बार दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया. शून्यकाल में विपक्ष ने तीसरी बार ये मामला उठाया, लेकिन मंत्री वर्मा अपने रूख पर अड़े रहे. जब मंत्री ने मांग स्वीकार नहीं की तो फिर विपक्ष ने वाकआउट कर दिया.

# महात्मा गांधी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान



विशेष संवाददाता

**भोपाल,26 फऱवरी. प्रदेश कांग्रेस के राजीव गांधी सभागार में कांग्रेस विचार विभाग द्वारा आयोजित बौद्धिक विमर्श में वक्ताओं ने महात्मा गांधी के आदर्शों और उनकी समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तार से विचार रखे.**

कार्यक्रम के दौरान राजनीतिक मुद्दों पर तीखी टिप्पणियाँ भी सामने आईं. प्रख्यात पत्रकार पंकज चतुर्वेदी ने 'गांधी के राम' की व्याख्या करते हुए कहा कि गांधी का राम समावेशिता और सामाजिक न्याय का प्रतीक था.

उन्होंने कहा कि गांधी की अवधारणा में राम दलितों, वंचितों और आदिवासी समुदायों को अपनी शक्ति में पिरोने वाले थे, जो समाज में पीछे छूट गए लोगों को उठाने वाले पतित पावन थे. उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी राम को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है और इस प्रक्रिया में राम की स्थापित मर्यादाओं को कमजोर किया जा रहा है.चतुर्वेदी ने गांधी की सादगी की तुलना वर्तमान शासन शैली से करते हुए कहा कि गांधी ने वर्धा में मात्र 100 रुपये में सेवा कुटी बनाकर देश की सेवा की और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया.

> प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि जब तक गांधी के विचार जीवित हैं, तब तक नाथूराम गोडसे की विचारधारा पनप नहीं सकती. उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी की हत्या के बाद भी प्रतीकात्मक रूप से उन्हें बार-बार समाप्त करने की कोशिश की गई, किंतु गांधी के विचार आज भी जीवित हैं और अनंत काल तक जीवित रहेंगे. प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने भारत की प्राचीन सभ्यता का उल्लेख करते हुए कहा कि हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता वाले देश की पितृभूमि किसी अपेक्षाकृत नए राष्ट्र को बताने का प्रयास उचित नहीं है.

## सालभर में 1.27 करोड़ का मटन खा गए कूनो के चीते

**श्योपुर.** कूनो जंगल में मौजूद चीतों को पालना लगभग सफेद हाथी पालने जैसा साबित हो रहा है। इन चीतों के खाने पर रोजाना 35 हजार रुपए खर्च हो रहे हैं और सालभर के अंदर ही ये चीते 1,27,10,8170 रुपए का बकरी मीट खा गए। इन चीतों के लिए वैसे तो शिकार हेतु चीतल भी छोड़े जाते हैं, लेकिन चीतों को बकरी का मीट ज्यादा पसंद होता है। इसका खुलासा कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब से हुआ। सरकार ने बताया कि कूनो वाइल्डलाइफ डिवीजन में अभी कुल 32 चीते हैं। सरकार ने इस दौरान यह भी बताया कि इन चीतों को कूनो जंगल से निकालकर ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, मुरैना से लेकर राजस्थान तक भेजा जा रहा है.

# मध्यप्रदेश में बारिश थमी, तापमान बढ़ा

### 28 जिलों में पारा 30 डिग्री के पार



**भोपाल,26 फरवरी. मध्य प्रदेश में लगातार आंधी, बारिश और ओलों के बाद अब मौसम ने करवट ली है. बुधवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर सहित 28 जिलों में अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुँच गया.**

निमाड़ अंचल के खरगोन और खंडवा सबसे गर्म रहे, जहाँ पारा 34 डिग्री के पार चला गया. उज्जैन में 33.5 डिग्री दर्ज किया गया. अन्य जिलों में तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा. फरवरी में प्रदेश का मौसम असामान्य रूप से चार बार बदला. महीने की शुरुआत में दो बार ओले और बारिश हुईं,

> जिससे गेहूं और चने की फसल प्रभावित हुई. इसके बाद 18 फरवरी से वर्षा का दौर शुरू हुआ, जो 19, 20 और 21 फरवरी तक जारी रहा. 23-24 फरवरी को चौथी बार आंधी-बारिश और ओलों ने दस्तक दी. प्रभावित इलाकों में सरकार ने फसलों का सर्वे भी कराया. दिन के साथ रात का तापमान भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है. कटनी जिले के करौंदी में न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में 9.5 डिग्री दर्ज किया गया. वहीं भोपाल में 13.8, इंदौर में 14.2, ग्वालियर में 14.8, उज्जैन में 16.5 और जबलपुर में 14.5 डिग्री सेल्सियस रहा. नर्मदापुरम में रात का तापमान 18.2 डिग्री तक पहुँच गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक है. मौसम विभाग के अनुसार 2 मार्च से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय होगा.

# प्रदेश कांग्रेस में बनेंगे 20 प्रवक्ता, चयन प्रक्रिया शुरू

वीरेंद्र वर्मा, इंदौर,26 फऱवरी. प्रदेश कांग्रेस में अब प्रवक्ताओं की नियुक्ति सीधे नहीं हो सकेगी. एआईसीसी द्वारा टेलेंट हंट प्रक्रिया के तहत प्रवक्ताओं का चयन किया जाएगा. इसके लिए कांग्रेस की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा.

प्रवक्ता बनने के लिए आवेदन करने की शुरुआत 10 फरवरी से शुरू हो चुकी है. एक महीने बाद प्रवक्ताओं के साक्षात्कार होंगे. उसमें से श्रेष्ठ का चयन कर दिल्ली से ही घोषणा की जाएगी. मध्यप्रदेश कांग्रेस में नए प्रवक्ताओं की नियुक्ति अब टेलेंट हंट प्रोग्राम के जरिए होगी. इसके लिए एआईसीसी ने चयन हेतु कमेटी गठित की है. उक्त कमेटी में एआईसीसी के महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश, मीडिया एवं पब्लिसिटी प्रमुख पवन खेड़ा, सोशल मीडिया प्रभारी सुप्रिया श्रीनेत, संचार सचिव रचीरा चतुर्वेदी और विनीत पुनिया द्वारा आवेदकों से साक्षात्कार लिए जाएंगे. ध्यान रहे कि एआईसीसी के टैलेंट हंट प्रोग्राम के शुरू होने से प्रदेश कांग्रेस द्वारा सभी प्रवक्ताओं को कार्यमुक्त करने के आदेश मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने जारी किए थे.

इंदौर से नौ कांग्रेस नेता को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई थी.

नई टेलेंट हंट प्रक्रिया में एआईसीसी द्वारा प्रदेश में एक मुख्य समन्वयक, दो उप समन्वयक के साथ 20 प्रवक्ताओं का चयन किया जाएगा.

# आजाद को श्रद्धांजलि देंगे मोहन यादव

**भोपाल, 26 फरवरी.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 95वें शहादत दिवस पर आलीराजपुर के चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में शुक्रवार 27 फरवरी को आजाद स्मृति मंदिर पहुंचकर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. इसके बाद मण्डी प्रांगण, चन्द्रशेखर आजाद नगर में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्यप्रदेश के भाबरा में हुआ था। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय साहस और त्याग का परिचय दिया। दिनांक 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज (इलाहाबाद) के अल्फ्रेड पार्क में एक व्यक्ति द्वारा किये गये विश्वासघात के कारण पुलिस से घिर जाने पर उन्होंने वीरतापूर्वक मुकाबला किया और अंतिम क्षण तक संघर्ष करते हुए अंग्रेजों के हाथों गिरफ्तार न होने का संकल्प को पूर्ण कर अपना बलिदान दे दिया। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस और आत्मसम्मान का प्रेरणास्त्रोत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे. वे 79.92 करोड़ रुपये लागत के 14 कार्यों का लोकार्पण तथा 119.02 करोड़ रुपये लागत के 35 कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी.



## 'लक्ष्मी निवास' के लिए बैंकॉक में शूट



ज़ी टीवी का फैमिली ड्रामा 'लक्ष्मी निवास' अपने एक अहम जश्न वाले सीन के लिए बैंकॉक पहुंचा, जहां इस खास पल को असली लोकेशन पर फिल्माया गया. कहानी के एक अहम मोड़ पर, शो में भूमिका का भव्य बर्थडे सेलिब्रेशन दिखाया जाएगा, जिसका किरदार रिया मुंजाल निभा रही हैं. जो शुरुआत में एक छोटा सा सरप्राइज लगता है, वो धीरे-धीरे एक शानदार और यादगार सफर में बदल जाता है, जब राज, जिसका किरदार प्रियोम देव गुज्जर निभा रहे हैं, भूमिका को चार्टर्ड प्लेन से बैंकॉक लेकर जाता है. इस सफर का अंत एक शानदार क्रूज़ सेलिब्रेशन के साथ होता है. भारतीय टेलीविजन पर कम ही देखने को मिलने वाले इतने बड़े स्तर पर फिल्माया गया यह सीन कहानी के लिए बेहद अहम है, जिसमें प्यार, सपने और सरप्राइज़ का खूबसूरत मेल नजर आता है.

## जयशंकर त्रिपाठी ने बताए अपने आध्यात्मिक अनुभव



हल्के-फुल्के और पारिवारिक मनोरंजन के अपने वादे को कायम रखते हुए एण्डटीवी ने अपनी आगामी डिवाइन ड्रैमेडी 'हे भगवान-कितना बदल गया इंसान!' की विशेष ऑन लोकेशन शूटिंग आध्यात्मिक नगरी उज्जैन में की. एक ऐसी कहानी, जो आस्था, बदलते मानवीय मूल्यों और दैवीय हस्तक्षेप को दर्शाती है, की शुरुआत के लिए महाकाल की नगरी और पवित्र महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए प्रसिद्ध उज्जैन से बेहतर स्थान कोई और नहीं हो सकता था. उज्जैन की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो आम भारतीय जीवन में पौराणिक स्पर्श को सहजता से पिरोता है. जिस शहर में कहानी घटित होती है, वहीं शूटिंग करने से महेश शर्मा (जयशंकर त्रिपाठी) की ईमानदारी, विश्वास और अप्रत्याशित दैवीय मार्गदर्शन की यात्रा को वास्तविकता और भावनात्मक गहराई मिली. महादेव की भूमिका निभा रहे तरुण खन्ना उस दैवीय शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो मानवता को देखती है और उसका मार्गदर्शन करती है.

## किचन इस बार जंगल थीम में तब्दील हो गई



'लाफ्टर शेफ़्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की किचन इस बार जंगल थीम में तब्दील हो गई, जहां कुकिंग का हंगामा हंसी से भरे सफारी में बदल गया. एप्रन की जगह जानवरों के अंदाज़ ने ली और किचन का फ्लोर जंगल में बदल गया, जहां सिर्फ एक ही नियम था- हंसो या हंसाओ ! जंगल स्पेशल एपिसोड में प्रतिभागियों ने अपने वाइल्ड अंदाज़ को अपनाया अंकिता लोखंडे बिल्ली बनकर मंच पर आईं, सुधेश लेहरी जंगल सफारी गार्ड के रूप में नज़र आए, जन्नत जुबैर ने केंचुए का किरदार निभाया, कृष्णा ऊँट बने, सामर्थ घोड़े के रूप में आए, भारती तितली की तरह इधर-उधर उड़ती दिखीं, जबकि बाकी टीम भी उतने ही मज़ेदार और अनोखे अवतारों में दिखाई दी.



# दर्शन रावल का नया रोमांटिक गाना 'साथिया' हुआ रिलीज

गायक दर्शन रावल का नया रोमांटिक गाना 'साथिया' हुआ रिलीज़ हो गया है. दर्शन रावल ने अपना नया रोमांटिक गाना 'साथिया' रिलीज़ कर दिया है. यह एक सोलफुल बैलेड है, जो मीठे प्यार और अपने खास इंसान को सेलिब्रेट करने की खूबसूरती को दर्शाता है.

इस गाने को दर्शन रावल ने खुद गाया है, कंपोज किया है और इसके बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं. म्यूज़िक प्रोड्यूसर अनमोल डेनियल हैं. 'साथिया' एक सुकून भरी और दिल को छू लेने वाली धुन है, जिसे आप अपने पार्टनर के साथ एक शांत और प्यारी शाम में सुनना चाहेंगे.

दर्शन रावल ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, ''साथिया' वो एहसास है, जब प्यार को बड़े शब्दों की जरूरत नहीं होती. वो चुपचाप आपके साथ रहता है. यह गाना बहुत सॉफ्ट, सच्चा और मेरे दिल के बहुत करीब है.'

'साथिया' की खास बात है दर्शन की भावुक आवाज़ और सुकून भरा संगीत, जो इसके इमोशनल बोलों के साथ बहुत खूबसूरती से मेल खाता है. 14 फरवरी, वैलेंटाइन डे के मौके पर दर्शन ने वडोदरा में अपने कॉन्सर्ट के दौरान पहली बार 'साथिया' गाकर फैंस को सरप्राइज दिया था. उन्होंने बताया था कि इसी रात से इस गाने की शुरुआत हुई.

# कृष्णा श्रॉफ ने शो में सुनाई अपनी लव स्टोरी

द 50 शो की कंटेस्टेंट कृष्णा श्रॉफ सुपरस्टार जैकी श्रॉफ की बेटी और टाइगर श्रॉफ की बहन हैं. इन दिनों वो द 50 के कारण सुर्खियों में हैं. हालांकि वे शो में गेम से ज्यादा अपनी लव लाइफ के कारण चर्चा में हैं. उन्होंने हाल ही में शो में खुलासा किया है कि वो अफगानिस्तान के रहने वाले अब्दुल अजीम बदख्शी के साथ रिश्ते में हैं. वो शो में प्रिंस नरूला और दूसरे कंटेस्टेंट्स के साथ अक्सर अपनी लव लाइफ की बात करती हैं.

हाल ही में उन्होंने पहली मुलाकात के बारे में शो में बताया. उन्होंने कहा कि उनका बॉयफ्रेंड अफगानिस्तान से है और वो स्क्रूफाइटर हैं. उन्होंनने पहली बार मुंबई में उन्हें एक फाइट के दौरान नोटिस किया था. उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि कृष्णा और अब्दुल कभी रिलेशनशिप में आएंगे लेकिन इसके बावजूद वे कनेक्ट हो गए. इसके बाद कृष्णा उनसे गोवा में मिलीं. हम दो हफ्तों तक साथ थे. जब दो हफ्तों बाद हमने एक दूसरे को बाय बोला, तो हम रो पड़े थे. इसी समय दोनों को एहसास हुआ कि दोनों एक दूसरे के लिए कितने मायने रखते हैं.



## तमिलनाडु में 63 करोड़ का तूफान

# रॉकिंग स्टार यश की टॉक्सिक ने रचा नया ट्रेड इतिहास

रॉकिंग स्टार यश की फिल्म टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स की तमिलनाडु डिस्ट्रीब्यूशन डील 63 करोड़ एडवांस पर कमीशन बेसिस में लॉक हो चुकी है. हाल के सालों में यह इस टेरीटरी की सबसे बड़ी डील्स में से एक मानी जा रही है. फिल्म को लेकर जबरदस्त उम्मीदें पहले से ही थीं, और अब यह डील इसे राज्य की सबसे बड़ी आने वाली रिलीज में शुमार कर रहा है.

पूरे तमिलनाडु में फिल्म को दमदार मल्टी-डिस्ट्रीब्यूटर स्ट्रैटेजी के साथ रिलीज किया जाएगा, जिससे हर सर्किट में मजबूत पकड़ बनाई जा सके. चेन्नई सिटी को थिंक स्टूडियोज के स्वरूप रेड्डी संभालेंगे, जबकि चेंगलपट्टू एरिया व्हाइट नाइट्स के ट्राइडेंट रवि के जिम्मे रहेंगे. कोयंबटूर, नॉर्थ और साउथ आर्कोट, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी सर्किट की कमान एस पिक्चर श्रीनिवासन के हाथ में होगी. वहीं मदुरै और रामनाड, त्रिची और तंजावुर, और सलेम जैसे अहम सर्किट 5 स्टार सेंथिल मैनेज करेंगे. यह सुनियोजित टेरिटोरियल मॉडल सिंगल स्क्रीन से लेकर मल्टीप्लेक्स चेन तक हर जगह मजबूत शोकेसिंग सुनिश्चित करेगा.

डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स ने इस साझेदारी को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि टॉक्सिक आज के समय की सबसे बहुप्रतीक्षित भारतीय फिल्मों में से एक है और तमिलनाडु में इसे लेकर जो प्यार और उत्साह दिख रहा है, वह अद्भुत है. सालों से यहां के दर्शकों ने यश को जिस अपनत्व और जोश के साथ अपनाया है, वह बेहद खास है. इतनी बड़ी और महत्वाकांक्षी फिल्म का हिस्सा बनना हमारे लिए सिर्फ बिज़नेस डील नहीं, बल्कि एक गर्व का पल है.

ट्रेड एक्सपर्ट्स मानते हैं कि इस डील के पीछे केजीएफ चैप्टर 2 की ऐतिहासिक सफलता और तमिलनाडु में यश की जबरदस्त लोकप्रियता बड़ी वजह है. यहां के दर्शकों ने उनकी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और खास अंदाज़ को खुले दिल से अपनाया है. यह सीमा से परे गतिविधि आज भी थिएट्रिकल मार्केट में मजबूत तालमेल में बदल रहा है.

63 करोड़ की एडवांस डील और मजबूत टेरिटोरियल नेटवर्क के साथ टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स तमिलनाडु में ग्रैंड ओपनिंग के लिए पूरी तरह तैयार है.

फिल्म की कहानी यश और गीतू मोहनदास ने लिखी है, और डायरेक्ट भी गीतू मोहनदास ने किया है. टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स को कन्नड़ और इंग्लिश में साथ-साथ शूट किया गया है, जबकि हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम समेत कई भाषाओं में डब वर्जन भी रिलीज होंगे.

केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स के बैनर तले बनी यह फिल्म 19 मार्च 2026 को ग्लोबल के सिनेमा में रिलीज होगी. फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया अहम किरदार में नजर आएंगी.

